7

विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–01.09.2017 को ड्रेनेज, सिवरेज, जलापूर्त्ति एवं AMRUT योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः– पंजी के अनुसार

दिनांक– 01.09.2017 को ड्रेनेज, सिवरेज, जलापूर्त्ति एवं AMRUT योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, मुख्य महाप्रबंधक, बुडको, मुख्य अभियंता, बिहार राज्य जल पर्षद तथा बुडको के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी/अभियंता उपस्थित हुए।

2. माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ड्रेनेज एवं सिवरेज से निकलने वाले पानी का उपयोग सिंचाई एवं कृषि कार्य हेतु करने के लिए सिंचेवाल मॉडल का उपयोग करने का निदेश दिया गया था। उक्त के आलोक में विकास आयुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक दिनांक–05.09.2017 को प्रस्तावित है।

   सिंचेवाल मॉडल का अध्ययन करने हेतु बुडको के अभियंताओं द्वारा स्थल अध्ययन कर लिया गया है तथा प्रतिवेदन संलग्न है।

3. पेयजल अथवा सिवरेज योजना अन्तर्गत रोड में 250 मीटर तक का कार्य पूर्ण कर उसे restore करने के उपरान्त ही आगे कार्य करने हेतु रोड में खुदायी की जाय। इस संबंध में दिनांक–31.08.2017 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किये गये समीक्षात्मक बैठक में भी सैद्धांतिक सहमति दी गयी है।

   प्रबंध निदेशक, बी0आर0जे0पी0 को उक्त के संबंध में पूर्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पेयजल योजना के कार्यान्वयन हेतु बनाये गये नियमावली का अध्ययन कर प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करने का निदेश दिया गया था। अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है तथा मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 को पुनः इस संबंध में स्मारित किया गया है।

4. मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सुपौल एवं दरभंगा ड्रेनेज योजना के ऑउटफॉल के स्थल अध्ययन के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक, बुडको द्वारा बताया गया कि उक्त स्थलों का भ्रमण बुडको के अभियंताओं के द्वारा कर लिया गया है, परन्तु प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। तद्नुसार शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

5. फुलवारीशरीफ स्ट्रोम ड्रेनेज योजना का संशोधित प्राक्कलन पत्रांक–1989 दिनांक–20.07.2017 के द्वारा विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।

6. ड्रेनेज योजनाओं के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से जानकारी प्राप्त कर सुझावों के आधार पर ही कार्य कराया जाता है एवं भविष्य में भी इसका अनुपालन किया जायेगा।

(6)

7. AMRUT योजना अन्तर्गत बेउर से मीठापुर ड्रेनेज योजना के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि डी0पी0आर0 विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।

8. मॉनिटरिंग हेतु CCMS के RFP के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि अभी RFP तैयार नहीं किया गया है, जिसे शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया है।

9. गोसाई टोला सम्प हाउॅस के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि सम्प हाउॅस चालू कर दिया गया है तथा final scheme तैयार कर 31 अक्टूबर तक विभाग को उपलब्ध करा देंगे।

10. पेयजल आपूर्त्ति में आर्सेनिक/फ्लोराईड/आयरन के निराकरण के लिए RFP तैयार कर ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान योजनाओं में किया जाय तथा इस संबंध में मुख्य अभियंता बी0आर0जे0पी0 को आवश्यक निदेश दिया गया था। मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि पी0एच0ई0डी0 द्वारा उक्त ट्रीटमेंट प्लांट के लिए empanel vendors का चयन पूर्ण नहीं हुआ है तथा प्रक्रिया पूर्ण होने पर तद्नुसार इसे नगर विकास एवं आवास विभाग में लागू किया जायेगा।

11. पेयजल योजनाओं के रख–रखाव हेतु नगर निकायों के स्तर पर वार्ड समिति के गठन की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।

12. AMRUT योजना के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं की MIS प्रविष्टि के संबंध में निदेश दिया गया कि प्रशाखा पदाधिकारी–3 इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करें।

13. बोधगया जलापूर्त्ति योजना के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक, बुडको द्वारा बताया गया कि सभी 4 ट्रांसफर्मर अधिष्ठापित कर दिये गये है तथा कमिशिनिंग किया जा रहा है एवं पूर्व की भांति जलापूर्त्ति हो रही है।

14. नगर पंचायत, झंझारपुर एवं नौबतपुर जलापूर्त्ति योजनाओं के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक, बुडको द्वारा बताया गया कि झंझारपुर के जोन–1 में कार्य प्रारम्भ है तथा नौबतपुर मे संवेदक द्वारा OHT का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

15. नगर निकाय क्षेत्रों में जलापूर्त्ति योजना का सर्वे रिर्पोट एवं house to house connection की पूर्ण सूची संबंधित नगर निकाय एवं विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था। इस संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि कुछ नगर निकायों को उक्त सूची उपलब्ध कराया गया है। निदेश दिया गया कि संबंधित सभी नगर निकायों एवं विभाग को 15 सितम्बर तक सूची उलपब्ध करा दें।

16. ADB सम्पोषित भागलपुर जलापूर्त्ति योजना के संबंध में ADB के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए।

17. कटिहार बस स्टैंड के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक, बुडको द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कार्य प्रारम्भ हुआ है तथा approach road में sub grade एवं sub base का कार्य कराया जा चुका है एवं शेष राशि की मांग विभाग से की गयी है।

18. AMRUT योजना अन्तर्गत मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 को जलापूर्त्ति योजनाओं का डी0पी0आर0 आदि शीघ्र समर्पित करने का निदेश दिया गया था, जिसके संबंध में स्थिति निम्नवत् है:—

(i) आरा जलापूर्त्ति योजना का डी0पी0आर0 के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि 04 सितम्बर तक डी0पी0आर0 समर्पित किया जायेगा।

(ii) बक्सर जलापूर्त्ति योजना का डी0पी0आर0 के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि 08 सितम्बर तक डी0पी0आर0 समर्पित किया जायेगा।

(iii) बेगूसराय जलापूर्त्ति योजना का डी0पी0आर0 के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि 08 सितम्बर तक डी0पी0आर0 समर्पित किया जायेगा।

(iv) जहानाबाद जलापूर्त्ति योजना फेज–2 का डी0पी0आर0 के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि 15 सितम्बर तक डी0पी0आर0 समर्पित किया जायेगा।

(v) छपरा एवं सिवान जलापूर्त्ति योजना का डी0पी0आर0 के संबंध में मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0 द्वारा बताया गया कि 15 सितम्बर तक डी0पी0आर0 समर्पित किया जायेगा।

अन्त में कार्य में तत्परता लाने के निदेश के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांकः— न0वि0अभि0(बु0)-311/2017-1130 पटना, दिनांक— 8/9/17

प्रतिलिपिः— प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव–सह–निदेशक, बुडा, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बी0आर0जे0पी0/प्रबंध निदेशक, बुडको/मुख्य अभियंता (बुडा), नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, बी0आर0जे0पी0/मुख्य महाप्रबंधक, बुडको/श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता/प्रशाखा पदाधिकारी, 2 एवं 03/आई0टी0मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

दिनांक 21.07.2017 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में ड्रेनेज सिवरेज, जलापूर्ति एवं AMRUT योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश का अनुपालन प्रतिवेदन।

क्र.	बिन्दु	अनुपालन प्रतिवेदन
1	2	3
1	सींचेवाल में की गयी व्यवस्था का अध्ययन करने हेतु दो अभियंताओं का दल गठित कर अध्ययन करने के संबंध में।	ज्ञापांक–106, दिनांक–29.07.17 के द्वारा श्री उदय कुमार दास, परियोजना निदेशक एवं श्री रत्नेश कुमार, उप परियोजना निदेशक को सींचेवाल में की गयी व्यवस्था के अध्ययन हेतु भ्रमण करने का निदेश दिया गया है। जिसके आलोक में दिनांक 08–16 अगस्त तक भ्रमण किया गया है। प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।
4	मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सुपौल एवं दरभंगा ड्रेनेज के outfall के स्थल अध्ययन करने के संबंध में।	परियोजना निदेशक द्वारा दिनांक 04–05 अगस्त 2017 को दरभंगा एवं मधुबनी ड्रेनेज का स्थल भ्रमण किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना निदेशक द्वारा 8 अगस्त को मुजफ्फरपुर का स्थल भ्रमण किया गया है।
5	फुलवारी ड्रेनेज का प्राक्कलन संशोधित करके उपलब्ध कराने के संबंध में।	पत्रांक 1989, दिनांक 20.07.17 के द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। फेज–2 : 12,10,89,500/– (BMP-16 to Bhagat Singh Chowk) फेज–3 : 13,16,40,200/– (Khoja Imali to Bhagat Singh Chowk)
6	सभी ड्रेनेज योजना के डी.पी.आर. की समीक्षा स्थल पर जाकर करने के संबंध में।	अनुपालन सुनिश्चित की जा रही है।
13	बोधगया जलापूर्ति योजना में जलापूर्ति प्रारंभ करने के संबंध में।	सभी 4 Transformer स्थापित किया गया है। Commissioning का कार्य किया जा रहा है। पूर्व की तरह जलापूर्ति की जा रही है।
14	झंझारपुर एवं नौबतपुर जलापूर्ति योजना कार्य की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।	झंझारपुर एवं नौबतपुर जलापूर्ति योजना का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। झंझारपुर–जोन एक में कार्य प्रारंभ है। नौबतपुर – संवेदक द्वारा OHT का कार्य प्रारंभ है।
15	जलापूर्ति योजना का सर्वे रिपोर्ट, लाभार्थी के नाम के साथ लगाये गये हाउस टू हाउस कनेक्शन की पूर्ण सूची संबंधित नगर निकाय एवं विभाग को उपलब्ध	फुलवारी जलापूर्ति की House Connection की सूची नगर परि ाद को पत्रांक 128 दिनांक 14.06.2017 द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है।

(3)

	कराने के संबंध में।	
16	कटिहार बस स्टैंड के सम्पर्क पथ के निर्माण के संबंध में।	सम्पर्क पथ हेतु 89.33 लाख का प्राक्कलन है। वस स्टैंड योजना के तहत 50.77 लाख की राशि उपलब्ध है। शेष राशि 38.56 लाख उपलब्ध कराने का अनुरोध विभाग से किया गया है। सम्पर्क पथ में Sub Grade, Sub Base का कार्य कराया जा चुका है।

सीचवाल भ्रमण प्रतिवेदन

बुडको के प्रबंध निदेशक के पत्रांक – Buidco/Yo-156/12-106, दिनांक – 29.07.2017 के आलोक में Seechewal Model के अध्यन के लिए Seechewal गया। Seechewal Model देखने के क्रम में मुख्य बातें निम्नवत् है।

1. Seechewal गॉव पंजाब राज्य के जालंधर जिला के Shah kot Teshil में पड़ता है। Seechewal गॉव की जनसंख्या लगभग 2000 है, जो District Head Quarter से लगभग 45 km की दुरी पर अवस्थित है।
2- Seechewal कॉलोनी के रूप में बसा हुआ एक गॉव है। गॉव का सारा मकान पक्का है। प्रत्येक घर में Seftiktank, Bathroom एवं Kitchen है। हर घर के बाहर 18"X27"X24" का Chamber बना हुआ है, जिसमें घर का Waste Water आता है। इसके बाद Waste Water, Chamber में लगे P-trap Pipe के द्वारा Sewer Pipe में आता है। जो सड़क के बीचो बीच होकर गुजरती है। यहाँ के सभी Drainage System Closed (बंद) Circular Pipe के द्वारा होता है। प्रत्येक 30 mtr. पर Round Shoped Chamber बना हुआ है। जिसका dia 750 mm से 1050 mm तक है एवं Pipe का ऊँचाई Bottom level से 600 mm उपर है।
3. इसके बाद Waste water गॉव से लगभग 300 mtr. बाहर बने एक Reatangutar tank में आता है, जहाँ एक Wire Mesh लगा होता है जो बड़े Floating material को रोक लेता है। इसके बाद Waste Water 3.65 mtr. dia एवं 4 mtr. गहरे कुँए (Tank) में आता है। पहले बने Tank से इस Tank में पानी Tank में Centre में नहीं आता है। Pipe side से well में आता है और Clock wise पानी में Movement होता है जिससे Sludge नीचे Tank में बैठ जाता है।
4. इसके बाद Waste Water दुसरे Well Tank में आता है। जिसका dia 10' होता है। इस Tank में Oil, grece एवं छोटा Particle तैरता रहता है।
5. इसके बाद Waste Water तीसरे Well में आता है जिसकी Diamater 7' होता है, इसमें Waste Water दुसरे Well के bottom से Water आता है। इसके बाद Storage pond में आता है, जिसकी क्षमता 50,00000 ltr. होती है। जिसका SIze 150' X 150' X 8.5' होता है। Pond का Bed कच्चा बना हुआ होता है एवं चारों ओर Slop Protection Brick Masonry द्वार किया हुआ है, एवं इसमें पानी 40 दिनों के लिए छोड़ दिया जाता है। 40 दिनों के बाद यह Waste Water Agriculture Purpose के लिए use होता है।
6. 25 दिनों के बाद पानी का PH 9.5 आता है एवं TDS 343 mg/ltr. आता है।
7. Irrigation purpose में पानी के use करने के लिए 3 HP का पम्प लगा हुआ होता है, जो पानी को खेतों तक पहुँचाता है।
8. इस पानी का use Irrigation में फसल के फुटने से पहले तक ही किया जाता है। फसल फुटने के बाद सामान्य बोरिंग के पानी का व्यवहार किया जाता है। अर्थात Treatment किया हुआ पानी का 100% Irrigation में व्यवहार नही होता है।
9. शेष बचे हुए समय में पानी को Plantation में व्यवहार किया जाता है।
10. गॉव से लगभग 300 m. की दूरी पर कचरा (Garwage) जमा करने की व्यवस्था है। समय–समय पर 50% कचरा एवं 50% मिट्टी को मिलाकर पौधा तैयार करने में व्यवहार किया जाता है।
11. प्रत्येक वर्ष लगभग एक लाख पौधा को तैयार कर Plantation किया जाता है।

(रत्नेश कुमार)
उप परियोजना निदेशक, SIU-7

(उदय कुमार दास)
परियोजना निदेशक, SIU-7

Outfall Detail of Storm Water Drain

Sl.	Name of Project	Outfall Point	Length of Drain	Discharge
1	2	3	4	5
1	Darabhanda Drainage	Tinhi Bridge	3.65 Km	22.58 M^3/Sec
2	Madhubani Drainage	Jiwach River	5.94 Km	13.8 M^3/Sec
3	Supaul Drainage	Tilawe	7.75 Km	8.127 M^3/Sec
		Gajana River	2.714 Km	2.451 M^3/Sec
4	Muzaffarpur Drainage (Phase – 1) Zone 7 to 11	Shahdallpur Lake	13.55 Km	18.43 M^3/Sec
		Tirhut Canal	6.17 Km	10.51 M^3/Sec
		Near NH 28 and Madhaul Nala	6.69 Km	7.72 M^3/Sec
		Furdo Nala	18.67 Km	18.16 M^3/Sec
		Furdo Nala	3.89 Km	6.76 M^3/Sec